राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: ०२, दिनांक: ०७.१२.२०२४

थलतेज गाम से पहली ट्रेन कल सुबह 6.20 और अंतिम ट्रेन रात 10.05 बजे होगी रवाना

अब थलतेज गाम तक कल से दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. शहर में मेट्रो ट्रेन में सफर करने वाले लोगों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। रविवार से मेट्रो ट्रेन की सेवा थलतेज गाम से शुरू हो रही है।

अभी थलतेज तक दौड़ने वाली मेट्रो थलतेज गाम तक दौड़ेगी। थलतेज गाम से पहली ट्रेन रविवार सुबह 6.20 बजे वस्त्राल स्टेशन के लिए रवाना होगी। इससे पहले यह सुविधा वस्त्राल से थलतेज तक थी। थलतेज गाम मेट्रो स्टेशन से अंतिम ट्रेन रात 10.05 बजे रवाना होगी।

इस सेवा के शुरू होने से लोगों को काफी लाभ होगा। धीरे-धीरे मेट्रो ट्रेन सेवा अहमदाबाद की लाइफ लाइन बनती जा रही है। जिससे न सिर्फ समय की बचत हो रही है, बल्कि लोगों को वाहन चलाने से भी मुक्ति मिलती है। उन्हें ट्रैफिक का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

मेट्रो ट्रेन का ज्यादा से ज्यादा लोग उपयोग करें इसके लिए मनपा ने मेट्रो स्टेशनों से फीडर बस सेवा की भी शुरुआत की है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसीएल) के अनुसार, मेट्रो के वस्त्राल गाम से थलतेज तक दौड़ने वाली शहर की मेट्रो ट्रेन का रूट और बढ़ा दिया गया है।

थलतेज गाम मेट्रो स्टेशन पूरी तरह से तैयार हो गया है। ऐसे में रविवार से मेट्रो ट्रेन की सेवा को थलतेज गाम तक बढ़ा दिया गया है। ऐसे में शहर के थलतेज गाम, शीलज इलाके से पूर्वी शहर जाने वाले लोगों को काफी राहत होगी।

शहर में दो चरणों में दौड़ रही मेट्रो ट्रेन की सुविधा पूर्व से पश्चिम में वस्त्राल से लेकर थलतेज गाम तक मिलनी शुरू हो जाएगी। बड़ी संख्या में लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

दूसरी ओर, एपीएमसी से मोटेरा स्टेडियम और गांधीनगर तक भी मेट्रो ट्रेन दौड़ रही है। इससे पहले यह सेवा एपीएमसी से मोटेरा स्टेडियम तक थी।

सितंबर में शुरू हुई थी गांधीनगर के लिए मेट्रो सेवा

अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच गत सितंबर माह में मेट्रो ट्रेन की सुविधा शुरू हुई थी। इस सेवा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू करवाया था। शहर में मेट्रो ट्रेन की यह दूसरे चरण की सेवा हैं। राजधानी गांधीनगर तक दौड़ने के कारण यह सेवा लोगों के लिए अहम साबित हो रही है। मेट्रो ट्रेन में अब हर दिन औसतन एक लाख लोग मेट्रो में सफर कर रहे हैं। जीएमआरसी के तहत इस वर्ष सितंबर में मेट्रो ट्रेन में 35.88 लाख लोगों ने अक्टूबर में 35.03 लाख लोगों ने मेट्रो ट्रेन में सफर किया था।